भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
Securities and Exchange Board of India

Applications invited for the post of Part-time Counsellor (on Contract Basis)

Securities and Exchange Board of India (SEBI), is a statutory body established by an Act of Parliament, to protect the interests of investors in securities, to promote the development of and to regulate the securities market.

SEBI invites applications from professionals having a post graduate degree in Clinical Psychology from a recognised University/ Institution and a minimum of two years' post qualification experience in the field of Clinical Psychology.

The Part-time Counsellor would be required to provide counselling services for employees of SEBI at its office in Bandra Kurla Complex, Mumbai for three days a week (8 hours per day and 96 hours per month) at a fixed remuneration of ₹75,000/- per month.

Further, no superannuation benefits viz. pension, Provident Fund or gratuity will be payable. No leave would be admissible. No perquisites/facilities also would be made available. Taxes on the income would be deducted at sources as per extant rates and Government notifications.

Mode of Selection will be Interview. The Board reserves the right to modify the selection procedure, if deemed fit.

The Board reserves the right to raise the minimum standards in respect of qualifications and experience in order to restrict the number of candidates to be called for the Interview. Thus, merely fulfilling the eligibility conditions laid down in the advertisement as regards qualifications and experience, would not automatically entitle any candidate to be called for the Interview.

HOW T O APPLY:

Interested candidates shall mandatorily fill the online application form through the link given below-

https://www.sebi.gov.in/sebiweb/other/OtherAction.do?doCounsellorForm=yes

The link is also provided on SEBI website under Careers Section. The online link shall remain open from November 16, 2026 to December 15, 2026.

Applications which are not submitted online shall not be considered.

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
Securities and Exchange Board of India

अंशकालिक काउंसलर के पद (कॉण्ट्रैक्ट आधार पर) हेतु आवेदन

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) एक सांविधिक निकाय (स्टैट्यूटरी बॉडी) है, जिसका गठन संसद के अधिनियम के तहत किया गया है । इसका उद्देश्य है - सिक्यूरिटीज़ (प्रतिभूतियों) में निवेश करने वाले निवेशकों के हितों की रक्षा करना, सिक्यूरिटीज़ मार्केट (प्रतिभूति बाजार) का विकास करना तथा उसे विनियमित (रेग्यूलेट) करना ।

सेबी उन पेशेवर व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित करता है, जिनके पास मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय / संस्था से क्लीनिकल साइकोलॉजी (मनोविज्ञान) में स्नात्कोत्तर की डिग्री हो और साथ ही क्लीनिकल साइकोलॉजी के क्षेत्र में दो वर्षों का अनुभव (योग्यता प्राप्त करने के बाद का) हो ।

अंशकालिक काउंसलर को मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में स्थित सेबी के कार्यालय में हर सप्ताह में तीन दिन (प्रतिदिन 8 घंटों के लिए और प्रति माह 96 घंटों के लिए) सेबी के कर्मचारियों को काउंसलिंग की सेवाएँ प्रदान करनी होंगी, और जिसके लिए उन्हें कुल मिलाकर प्रति माह ₹75,000/- की तय फीस अदा की जाएगी ।

इसके अलावा, उन्हें दूसरे कोई फायदे नहीं मिलेंगे (यानि कि पेंशन, भविष्य निधि या ग्रेच्यूटी के तौर पर कोई रकम नहीं मिलेगी) । उन्हें कोई छुट्टी भी नहीं मिलेगी । इसके अलावा, उन्हें कोई भत्ता आदि भी नहीं मिलेगा / सुविधाएँ भी नहीं मिलेंगी । उपरोक्तानुसार रकम का भुगतान किए जाने से पहले ही आय पर लगने वाले कर (मौजूदा दरों और सरकार की अधिसूचनाओं के हिसाब से) की रकम काट ली जाएगी ।

इस संबंध में चयन साक्षात्कार के जरिए किया जाएगा । बोर्ड के पास चयन-प्रक्रिया में बदलाव (यदि बोर्ड को ठीक लगे) करने का अधिकार होगा ।

बोर्ड के पास साक्षात्कार हेतु कम उम्मीदवारों को बुलाने के लिए योग्यता और अनुभव के संबंध में न्यूनतम पात्रता अपेक्षाएँ बढ़ाने का अधिकार होगा । महज योग्यता और अनुभव के संबंध में विज्ञापन में दी हुई न्यूनतम अपेक्षाओं पर खरा उतरने से ही कोई उम्मीदवार साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने का हकदार नहीं होगा ।

आवेदन कैसे करें:
इच्छुक उम्मीदवार नीचे दिए गए लिंक के जरिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें –

https://www.sebi.gov.in/sebiweb/other/OtherAction.do?doCounsellorForm=yes

यह लिंक सेबी की वेबसाइट पर "करियर / Careers" शीर्षक के अंतर्गत भी दिया हुआ है, जिसके जरिए 16 नवम्बर, 2026 से 15 दिसम्बर, 2026 तक आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा ।

ऑनलाइन प्रस्तुत न किए गए आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा ।